आकाशवाणी
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 03.01.2026
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- उत्तराखंड में परिवार रजिस्टर में गंभीर अनियमितताओं को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्यव्यापी जांच के निर्देश दिए।
- प्रदेश में माल्टा के उत्पादन को बढावा देने के लिए माल्टा मिशन की शुरूआत की जाएगी।
- कृषि मंत्री गणेश जोशी ने प्रदेश में जंगली जानवरों से फसलों की सुरक्षा के लिए केंद्र से आगामी पाँच वर्षों तक हर साल 200 करोड़ रुपये का बजट उपलब्ध कराने का अनुरोध किया।
- माघ माह की पौष पूर्णिमा पर धर्मनगरी हरिद्वार के गंगा घाटों में श्रद्धालुओं का उमड़ा सैलाब।

**परिवार रजिस्टर**

उत्तराखण्ड में परिवार रजिस्टर में पाई गई गंभीर अनियमितताओं को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में आज देहरादून में एक उच्च स्तरीय बैठक हुई। बैठक में राज्य स्तर पर व्यापक, निष्पक्ष व समयबद्ध जांच और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए गए। साथ ही परिवार रजिस्टरों की गहन जांच मुख्य विकास अधिकारी व अपर जिलाधिकारी स्तर पर कराए जाने का निर्णय लिया गया। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सभी जिलों में उपलब्ध परिवार/कुटुंब रजिस्टरों की प्रतियां तत्काल संबंधित जिलाधिकारी के पास सुरक्षित रखने के निर्देश दिए, जिससे अभिलेखों में किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ की संभावना न हो। उन्होंने कहा कि सरकारी अभिलेखों से खिलवाड़ किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में यह भी तय किया गया कि जांच का दायरा वर्ष 2003 से अब तक रखा जाएगा, ताकि पूर्व वर्षों में हुई संभावित अनियमितताओं की भी पहचान हो सके। फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नाम दर्ज कराने वालों के विरुद्ध नियमानुसार विभागीय व कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में परिवार रजिस्टर में नाम दर्ज किए जाने की प्रक्रिया को स्पष्ट नीति के अंतर्गत नियंत्रित कर कैबिनेट में प्रस्तुत किए जाने का निर्णय भी लिया गया।

**माल्टा महोत्सव**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज देहरादून में ''उत्तराखंड माल्टा महोत्सव'' का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न जिलों के माल्टा और नींबू प्रजाति के फलों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि माल्टा, उत्तराखंड की पहचान व परंपरा से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि राज्य के माल्टा को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए दिल्ली में भी राज्य की ओर से माल्टा महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राज्य में माल्टा के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए माल्टा मिशन शुरू करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने एप्पल मिशन और कीवी मिशन जैसी कई उल्लेखनीय शुरूआत

की है। इसी तर्ज पर राज्य में माल्टा के उत्पादन को बढावा देने के लिए माल्टा मिशन की शुरूआत की जाएगी।

कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि इस प्रकार के महोत्सव किसानों को नए बाजारों से जोड़ने के साथ ही स्वरोजगार के नए अवसर भी प्रदान करते हैं।

## तंबाकू नियंत्रण

राष्ट्रीय तम्बाकू मुक्त अभियान के तहत देशभर में पायलट प्रोजेक्ट चलाया जा रहा है। इसमें चम्पावत जिले को भी शामिल किया गया है। तम्बाकू मुक्त अभियान की जिला कंसलटेंट ममता मिश्रा ने बताया कि पिछले वर्ष चम्पावत विकासखण्ड की 113 ग्राम पंचायतों में तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम का आयोजन कर, तम्बाकू मुक्त ग्राम पंचायत बनाया गया। इस वर्ष लोहाघाट विकासखण्ड की 70 ग्राम पंचायतों को तम्बाकू मुक्त बनाने के लिए यह अभियान शुरू किया जा रहा है। इसके तहत किमतोली में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें ग्राम प्रधानों और जनप्रतिनिधियों के माध्यम से ग्राम पंचायतो को तम्बाकू मुक्त ग्राम पंचायत बनाने के लिए कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि ग्राम सभा मे एक समिति गठित कर सार्वजनिक स्थानों और प्रवेश द्वारों पर तम्बाकू मुक्त के बैनर व पोस्टर लगाए जाएंगे।

## कृशि मंत्री

कृषि मंत्री गणेश जोशी ने प्रदेश में फसलों को जंगली जानवरों से होने वाले नुकसान से बचाने के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत घेरबाड़ के लिए आगामी पाँच वर्षों तक हर साल 200 करोड़ रुपये का बजट उपलब्ध कराने का केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से आग्रह किया है। केंद्रीय मंत्री ने घेरबाड़ के लिए 90 करोड़ रुपये की राशि पर सहमति जताई और शीघ्र ही इस धनराशि को विभागीय योजना के अंतर्गत राज्य को जारी करने का आश्वासन दिया। केंद्रीय कृषि मंत्री की अध्यक्षता में आज नई दिल्ली में आयोजित बैठक में श्री जोशी, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए।कृषि मंत्री गणेश जोशी ने नमामि गंगे क्लीन अभियान परियोजना के अंतर्गत वर्ष 2025–26 में 250 क्लस्टरों के लिए केंद्र सरकार से शेष करीब 85 करोड़ की धनराशि और प्रधानमंत्री–राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत चालू वित्त वर्ष की दूसरी किस्त के रूप में लगभग 89 करोड़ रुपये अवमुक्त करने का अनुरोध भी किया। बैठक में केंद्र सरकार के अधिकारियों ने बताया कि उत्तराखंड में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना की 83 प्रतिशत और कृषि उन्नति योजना की 62 प्रतिशत प्रगति दर्ज की गई है। इस पर केंद्रीय मंत्री ने संतोष व्यक्त करते हुए राज्य सरकार के प्रयासों की सराहना की।

## माघ पूर्णिमा

माघ माह की पौष पूर्णिमा पर आज धर्मनगरी हरिद्वार में आस्था का अद्भुत नज़ारा देखने को मिला। तड़के से ही हरकी पैड़ी समेत विभिन्न गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। देश के कोने–कोने से पहुंचे श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित किया। तीर्थ पुरोहित उज्ज्वल पंडित ने बताया कि आज का दिन भगवान नारायण को समर्पित है। उन्होंने कहा कि माघ पूर्णिमा पर गंगा स्नान को मोक्षदायी और मनोकामनाएं पूर्ण करने वाला पर्व माना जाता है।

## बहुउद्देशीय शिविर

'जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार, प्रशासन गांव की ओर' अभियान के तहत आज उत्तरकाशी जिल में चिन्यालीसौड़ विकासखंड की न्याय पंचायत चमियारी में बहुउद्देशीय शिविर आयोजित किया गया। शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं का निस्तारण किया गया और विभिन्न विभागों की योजनाओं के माध्यम से पात्र लोगों को लाभ प्रदान किया गया। ग्रामीणों ने 33 शिकायतें दर्ज कराईं, जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही निस्तारण किया गया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी देवानंद शर्मा ने कहा कि आम जनता को सभी योजनाओं का लाभ पहुंचाने और स्थानीय स्तर पर समस्याओं के समाधान के लिए प्रत्येक न्याय पंचायत में बहुउद्देशीय शिविर लगाए जा रहे हैं।

## जिलाधिकारी बैठक

रुद्रप्रयाग के जिलाधिकारी प्रतीक जैन ने जिले में शीतलहर, वन्यजीवों से होने वाले नुकसान और भूस्खलन सुरक्षा कार्य को लेकर अधिकारियों के साथ आज समीक्षा बैठक की। जिलाधिकारी ने शीतलहर को देखते हुए सभी विभागों को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बर्फबारी और ठंड के कारण सड़क मार्गों को सुचारु रखने के लिए मशीनरी की तैनाती सुनिश्चित की जाए। साथ ही आपदा प्रबंधन टीमों और अस्पतालों को अलर्ट मोड पर रखा जाए। जिलाधिकारी ने वन्यजीवों की बढ़ती सक्रियता को लेकर प्रभावित क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाने, गश्त बढ़ाने और हमले की स्थिति में घायलों को तत्काल चिकित्सा सुविधा देने के निर्देश दिए। उन्होंने भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा कार्य तेजी से पूरा करने के भी निर्देश दिए, ताकि यातायात बाधित न हो।